दिन– गुरूवार | दिनांक– 26 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.50 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचकर रचा इतिहास।

02. चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आज पटना में समीक्षा बैठक की।

03. केंद्र सरकार ने बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान – आईबीपीएस द्वारा आयोजित परीक्षाओं में उम्मीदवारों के सत्यापन के लिए आधार प्रमाणीकरण को मंजूरी दी।

04. और, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – मुंगेर से भागलपुर तक गंगा एक्सप्रेस–वे का निर्माण किया जाएगा।

---

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आई.एस.एस. पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया है। वे अंतरिक्ष स्टेशन में चौदह दिन बितायेंगे और अपने मिशन के दौरान साठ प्रयोग करेंगे। अंतरिक्ष में छह प्रकार के फसलों के बीजों पर प्रभाव की भी जांच की जाएगी। कैप्टन शुक्ला आज दोपहर बाद लगभग चार बजे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गए। अट्ठाईस घंटों के सफर के बाद वे यहां पहुंचे हैं। इस ऐतिहासिक मिशन में भारत के अलावा अमरीका, पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। कैप्टन शुभांशु अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले पहले और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इकतालीस वर्ष पूर्व राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय थे। वे आठ दिनों तक अंतरिक्ष में रहे थे।

---

अंतरिक्ष से कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक वेबकास्ट में अपनी यात्रा का ब्यौरा साझा किया।

–––बाइट–––

नमस्कार, एक छोटा सा संदेश मेरे सारे देशवासियों के लिए। एक महीने क्वारंटीन में रहने के बाद कल हम लोग लॉन्चपैड–39 से लॉन्च हुए। जहां से अपोलो–11 मिशन भी लॉन्च हुआ था। इस समय स्पेस में बहुत प्राउड फील कर रहा हूं। ये भारत के ह्युमेंस बेस

प्रोग्राम भी, एक छोटा का स्टेप और एक बहुत सॉलिड और स्टडी स्टेप है। मैं चाहता हूं कि आप सब मेरी इस जर्नी का हिस्सा बनें। साथ ही उतना ही प्राउड फील करें जितना मैं फील कर रहा हूं। बिकोज ये हमारी एस्पीरेशन को दर्शाता है कि हम किस तरफ जाना चाहते हैं।

———————————————————

अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे पर कैप्टन शुभांशु शुक्ला के माता–पिता ने प्रसन्नता जताते हुए कहा है कि हमे अपने बच्चे पर गर्व है।

———बाइट———

———————————————————

चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आज पटना में समीक्षा बैठक की। उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यों की टीम ने आज मगध और पटना प्रमंडल के आयुक्तों के साथ बैठक कर चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार विमर्श किया। इस बैठक में इन दोनों प्रमंडलों के विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी भी शामिल हुए। उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने अधिकारियों को मतदाता सूची का विशेष गहन पुनर्रीक्षण कार्य करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल किये जायें, ताकि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। चुनाव आयोग का यह दल तीन दिनों के राज्य के दौरे पर है। यह दल विभिन्न प्रमंडलों में जाकर समीक्षा बैठक करेगा।

———————————————————

निर्वाचन आयोग ने तीन सौ पैंतालीस पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को आवश्यक शर्तें पूरा न करने के कारण अपनी सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह प्रक्रिया ऐसी पार्टियों को सूची से हटाने के लिए शुरू की गई है जिन्होंने दो हजार उन्नीस से अब तक लोकसभा और राज्य या केन्द्रशासित विधानसभा के किसी चुनाव में भाग नहीं लिया। इसके अलावा ऐसे दलों के कार्यालय भी कहीं नहीं पाए गए।

———————————————————

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि हिंदी अन्य भारतीय भाषाओं की सहयोगी भाषा है और हिन्दी को दूसरी भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी भाषा नहीं समझा जाना

चाहिए। उन्होंने कहा कि भाषा केवल संचार का माध्यम नहीं है, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। नई दिल्ली में राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में श्री शाह ने भाषाओं को जीवित और समृद्ध बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

———बाइट———

गृहमंत्री ने कहा कि जब तक व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा, अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक वह गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता।

———बाइट———

नीट, सीयूईटी, ऐसी कई भाषाओं को अब 13 भाषाओं में इसकी परीक्षा ली जाएगी। पहले कभी भी सीएपीएफ के कांस्टेबल की भर्ती में अंग्रेजी या हिंदी में ही आप कर सकते हैं। हम इसको लचीला बनाकर, हमने 13 भाषाओं को इसके परीक्षा देने की अनुमति दी और आज मुझे कहते हुए आनंद है कि 95 प्रतिशत तक परीक्षार्थी अपनी मातृभाषा में कांस्टेबल की परीक्षा देंगे।

---

जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने देश में पंद्रह करोड़ से अधिक घरों में नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। श्री पाटिल ने कहा कि शेष चार करोड़ घरों में वर्ष दो हजार अट्ठाईस तक यह काम पूरा कर लिया जाएगा।

———बाइट———

हर घर में नल से जल देने की योजना बनी और इसका फायदा क्या हुआ। 25 लाख महिला, जो रोज पानी लेने के लिए जाती थीं। उनका ढाई करोड़ घंटा रोज का बचा। अच्छा पानी मिलने के कारण करीब 4 लाख बच्चों की जान भी बचा पाए हैं। वैसे पहले ही पांच साल के अंदर तीन लाख बच्चों की जान बचा पाए हैं, ये डब्ल्यूएचओ का रिपोर्ट है।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुंगेर से भागलपुर तक गंगा एक्सप्रेस–वे का निर्माण किया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि इसके बाद राज्य में विकास की गति और तेज होगी।

———बाइट———

---

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री गडकरी ने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। श्री गडकरी ने कहा कि

दोपहिया वाहनों के लिए टोल पर पूरी छूट जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया संस्थान दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने के बारे में भ्रामक खबरें फैला रहे हैं। श्री गडकरी ने कहा कि भ्रामक खबरें फैलाकर सनसनी पैदा करना स्वस्थ पत्रकारिता नहीं है।

---

केंद्र सरकार ने बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान – आईबीपीएस द्वारा आयोजित परीक्षाओं में उम्मीदवारों के सत्यापन के लिए आधार प्रमाणीकरण के उपयोग को मंजूरी दे दी है। आईबीपीएस अब अपनी परीक्षाओं और भर्ती की प्रक्रियाओं के दौरान उम्मीदवारों की पहचान सत्यापित करने के लिए आधार का उपयोग कर सकते हैं। वित्त मंत्रालय ने बताया कि इस पहल से परीक्षाओं के दौरान उम्मीदवारों की सही पहचान की जा सकेगी और गलत तरीकों को रोका जा सकेगा।

---

आज अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग निवारण दिवस है। सात दिसम्बर उन्नीस सौ सत्तासी को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने छब्बीस जून की तारीख को अंतरर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध और तस्करी रोकथाम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि केन्द्र सरकार मादक पदार्थ के खतरे के खिलाफ संकल्पबद्ध होकर आगे बढ रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरकार मादक पदार्थ के शिकार युवाओं को सामान्य जीवन जीने की राह पर वापस ला रही है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि हमें अपने आने वाली पीढ़ियों को नशे की लत से सुरक्षित करने के लिए संकल्प लेना होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर अंकुश लगा कर ही हम सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। इधर, नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो, पटना प्रक्षेत्र द्वारा इस अवसर पर नशीले पदार्थों के दुरूपयोग के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी. एल. वर्मा ने कहा है कि अब तक देश भर में चौदह करोड़ से अधिक लोग नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ चुके हैं।

श्री वर्मा ने नई दिल्ली में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

———बाइट———

आज उनके लिए सही दिशा कैसे मिले, नशा मुक्ति अभियान से जुड़करके कैसे उनको मनाएं, आप नुक्कड–नाटक भी देखे होंगे। नाटक के माध्यम से, तरह–तरह से लगातार हमारे जो नशा मुक्ति केंद्र हैं, उन माध्यमों से ही हमारा मंत्रालय तरह–तरह से स्कीम चलाकर के, शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से अलग–अलग तरीके से हम जो प्रयास काम कर रहे हैं, हम निश्चित इस पर काबू भी पायेंगे।

———————————————————

इधर, समाज कल्याण विभाग के मंत्री मदन सहनी ने आज पटना में आयोजित समारोह में नशा मुक्ति के प्रति जन–जागरूकता फैलाने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए लोगों के साथ संकल्प लिया। श्री सहनी ने आह्वान किया कि नशे का त्याग कर लोग राज्य के विकास में अपना योगदान दें।

———बाइट———

———————————————————

राष्ट्रीय जनता दल की ओर से आज पटना में छात्र युवा संसद का आयोजन किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए युवाओं से आगमी विधानसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

———बाइट———

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रदेश के अन्तरराजीय मार्गों पर दो सौ निन्यानवे एसी और नॉन एसी बसों का परिचालन शुरू किया जायेगा। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि सरकार के इस फैसले से लोगों को काफी सुविधा होगी। खास कर होली, दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ जैसे पर्व पर अपने घर आने वाले लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

———————————————————

रोहतास जिले के दावथ अंचल कार्यालय में पदस्थापित एक राजस्व कर्मचारी और बिचौलिये को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने अठारह हजार रूपये रिश्वत लेने के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————

भोजपुर पुलिस ने पच्चीस हजार के ईनामी अपराधी विमलेश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। विमलेश ठाकुर आर्म्स एक्ट के एक मामले में फरार चल रहा था और इसका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है।

---

मधुबनी जिले के जयनगर स्थित भारत–नेपाल सीमा पर एसएसबी की अड़तालीसवीं बटालियन ने गश्ती के दौरान शराब तस्करी की एक बड़ी कोशिश को विफल कर दिया। मौके से दो महिला तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचकर रचा इतिहास।

02. चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आज पटना में समीक्षा बैठक की।

03. केंद्र सरकार ने बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान – आईबीपीएस द्वारा आयोजित परीक्षाओं में उम्मीदवारों के सत्यापन के लिए आधार प्रमाणीकरण को मंजूरी दी।

04. और, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – मुंगेर से भागलपुर तक गंगा एक्सप्रेस–वे का निर्माण किया जाएगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।